राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

धनबाद 14 अगस्त 2024 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 10 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 127

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## ब्रीफ खबरें

### अरलगड़िया के पूर्व मुखिया जीतू का निधन



**पुटकी।** धनबाद प्रखंड के अरलगड़िया पंचायत के पूर्व मुखिया जितेंद्र कुमार सिंह उर्फ जीतू (49) का मंगलवार की शाम सात बजे निधन हो गया. पीबी प्रोजेक्ट कॉलोनी निवासी जीतू काफी अरसे से बीमार थे. जयपुर के एम्स में भर्ती थे. जहां चिकित्सा के दौरान अंतिम सांस ली. इनकी पत्नी नीतू सिंह फिलवक्त पंचायत की मुखिया हैं. जोधपुर से निधन की खबर आते ही कॉलोनी व पंचायत के लोग शोकाकुल हो गए. पूर्व मुखिया के निधन पर कांग्रेस के प्रखण्ड अध्यक्ष पप्पू पासवान , पूर्व मुखिया दीपक सिंह चौधरी, विकास सिंह, मुखिया विजय पासवान,मनोज सिंह ,रमेश सिंह,जया देवी,आंनद गोराई ने शोक व्यक्त किया है.

### फरार आरोपी के घर इश्तेहार

**बरवाअड्डा।** बरवाअड्डा थाना कांड संख्या 10/20 के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त श्रीलाल हांसदा के घर बरवाअड्डा पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया. कांड के अनुसंधान कर्ता सुमेश्वर सिंह ने अभियुक्त श्रीलाल हांसदा निवासी पंडरियाटांड़ हरलाडीह थाना खुखरा जिला गिरिडीह के आवास में इश्तेहार तामिला किया. श्रीलाल हांसदा कांड संख्या 10/20 में धारा 395/397 भादवी के अप्राथमिक के अभियुक्त हैं. अभियुक्त घटना के बाद से फरार चल रहा है.

### सरकारी योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी

**तोपचांची।** सिद्हो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारिता संघ की ओर से मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में जिला सहकारिता पदाधिकारी वेद प्रकाश यादव ने कृषि से संबंधित जानकारी समेत सरकारी योजनाओं की जानकारी किसानों को दी. कार्यशाला में शामिल होने आए एक किसान ने बताया कि खेतीबारी के बारे में हम किसानों जानकारी बढ़ी है. पहले सरकारी योजनाओं की इतनी गहन जानकारी नहीं थी. अब जानकारी बढ़ी है. संबंधित

### गणेश पूजा मनाने को लेकर बैठक

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के तालडांगा हाउसिंग कालोनी स्थित पानी टंकी के पास गणेश पूजा को सफल बनाने को लेकर नागरिकों की बैठक संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता प्रमोद सिंह ने की. बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 से 15 सितंबर तक धूमधाम से गणेश पूजा मनाई जाएगी. जिसमें भव्य मेला भी लगाया जाएगा. बैठक में प्रमोद सिंह, मिहिर चौधरी,जेपी सिंह, अजीत मिश्रा,कुनाल कुमार, अरूण शर्मा,सूरज यादव, रोहन यादव, श्रृषभ कुमार,सौरभ,उदय कुमार, अंशु कुमार,रवि राजन आदि सदस्यगण थे.

**कार्रवाई : दस घंटे तक छानबीन में जुटी रही जांच एजेंसी, 21 अगस्त को हाजिर होने का निर्देश**

# एनआरएचएम घोटाले के आरोपी प्रमोद के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

- प्रिंटर मशीन के साथ आई टीम ने कई दस्तावेजों को बतौर साक्ष्य किया एकत्र

संवाददाता। धनबाद

पद का दुरुपयोग कर राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन निधि के छह करोड़ 97 लाख 43 हजार 832 रुपये के गबन मामले के आरोपी प्रमोद कुमार सिंह के दो ठिकानों पर मंगलवार को ईडी की टीम ने दबिश दी. करीब दस घंटे तक जांच एजेंसी ने प्रमोद के दोनों ठिकानों की तलाशी ली. इस दौरान टीम ने कई दस्तावेजों को भी जब्त किया. पूरी कार्रवाई के दौरान प्रमोद मौजूद नहीं था, प्रमोद को जांच एजेंसी ने 21 अगस्त को रांची कार्यालय बुलाया है. टीम अपने साथ प्रिंटर मशीन लेकर आई थी. इस प्रिंटर मशीन के माध्यम से कई दस्तावेजों को साक्ष्य के तौर पर एकत्र किए जाने की बात कही जा रही है. टीम में करीब दस लोग शामिल थे और चार - वाहनों के काफिले के साथ टीम सुबह पहुंची थी. देर शाम टीम छानबीन के बाद यहां से निकल गई.



### अनुबंध कर्मचारी होकर करोड़ों का किया था घोटाला

बताते चलें कि प्रमोद कुमार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी झरिया में अनुबंध पर कार्यरत था. इसके खिलाफ एनआरएचएम के विभिन्न कार्यक्रमों के एवज में आवंटित उक्त फंड के गबन का आरोप है. इस पूरे प्रकरण को ईडी मनी लांड्रिंग के बिंदु पर जांच कर रही है. ईडी प्रमोद कुमार सिंह पर पूर्व में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो धनबाद व रांची में दर्ज दो अलग-अलग कांडों के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है. प्रारंभिक जांच के बाद एसीबी धनबाद ने प्रमोद कुमार सिंह के विरुद्ध आठ जून 2016 को कांड संख्या 46/2016 दर्ज की थी. उक्त प्राथमिकी के अनुसार प्रमोद कुमार सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झरिया में 17 हजार रुपये मासिक वेतन पर ब्लॉक खाता प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे. वर्ष 2008 से 2012 तक वह सिर्फ कैशबुक व रजिस्टर ही मेंटेन करते थे, लेकिन अप्रैल 2012 में उन्हें खातों से जुड़ा काम दे दिया गया. ब्लॉक खाता प्रबंधक के रूप में उन्हें संविदा आधारित कर्मचारियों को वेतन देना था. इसके अलावा उन्हें सीएमओ या जिला स्वास्थ्य सोसाइटी से प्राप्त निर्देशों के अनुसार लाभार्थियों को धन वितरित करना था. आरोप है कि प्रमोद कुमार सिंह को एनआरएचएम निधि खर्च करने के लिए अधिकृत किया गया था. इन्होंने पद का दुरुपयोग किया और एनआरएचएम निधि से 6.97 करोड़ रुपये का गबन कर लिया. इससे सरकार को भारी नुकसान हुआ. एनआरएचएम निधि की राशि को अपने सहयोगियों के बैंक खातों में स्थानांतरित किया और उन खाता धारकों से नकद निकासी करवाकर रुपये ले लिया. इस राशि से अपने सहयोगियों के नाम पर वाहन खरीदा और उसका इस्तेमाल किया. बाद में उसका मालिकाना हक अपनी पत्नी प्रिया सिंह के नाम पर करवा लिया. एनआरएचएम फंड के दुरुपयोग और पीएचसी झरिया सह जोड़ा पोखर, सिविल सर्जन धनबाद व वहां तैनात कर्मचारियों की भूमिका के लिए प्रमोद कुमार सिंह के विरुद्ध एसीबी रांची ने भी 26 अगस्त 2019 को कांड संख्या 15/2019 में प्राथमिकी दर्ज की थी. बाद में मामला ईडी के पास गया. फिलाहल ईडी की टीम दो बार इसके ठिकानों पर दबिश दे चुकी है. पिछली बार भी दो महंगे वाहन समेत कई दस्तावेज जब्त कर टीम ले गई थी. साथ ही पूछताछ के लिए प्रमोद को बुलाया था, लेकिन प्रमोद ईडी के समक्ष हाजिर नहीं हुआ था.

# पिता की मौत के 9 महीने बाद भी बेटी बोली... जिंदा हैं पापा

**सदमा ऐसा कि छह महीने से बिना बिजली वाले कमरे में बंद रही मां-बेटी**

- बीसीसीएल अधिकारी थे पिता, बड़ी बेटी की शिकायत पर डालसा ने लिया संज्ञान
- मेडिकल बोर्ड गठन कर हुई काउंसलिंग, मनोचिकित्सक के पास जाएंगे दोनों



संवाददाता। धनबाद

समाज के जरूरतमंद लोगों को तक निशुल्क कानूनी सहायता पहुंचाने के साथ ही साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है. इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने दो तबाह होती हुई जिंदगी को बचाने का काम किया है. मामले परिजन की मौत के सदमे में आकर पिछले छह महीने से एक ही कमरे में बंद मां-बेटी से जुड़ा है. वो भी उस कमरे में जिसकी बिजली भी कटी हुई थी और उक्त दोनों मां-बेटी अंधेरे में अपने मृत परिजन के होने का अहसास की बात कहते थे. दोनों को न्यायायधीश ने कई घंटों की मशक्कत के बाद सामान्य हालत तक लौटने के लिए काउंसलिंग की है. इन दोनों को अब चिकित्सकीय सलाह भी दिलाई जाएगी.

मामला सरायढेला थाना क्षेत्र के श्री शिव शक्ति अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 104 और 102 में रहने वाली लतिका अग्रवाल और उनकी बेटी स्वाति अग्रवाल पिछले 6 महीने से कमरे में बंद थी. मटकुरिया में रहने वाली बड़ी बेटी स्वास्थि अग्रवाल के आवेदन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने संज्ञान लिया. मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने स्पेशल टीम का गठन किया. टीम में डॉक्टर राजीव कुमार, मनोरोग चिकित्सक डॉ मिनाक्षी, काउंसलर अभिषिक्ता मुखर्जी, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, डालसा सहायक राजेश सिंह, अरूण कुमार थाना प्रभारी नूतन मोदी व पुलिस बल अपार्टमेंट पहुंचे. इसके बाद मां बेटी के काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू की गई.वहां जाने पर पता चला कि कमरे का विद्युत कनेक्शन छह महीने से कटा है. मां और बेटी इसी अंधेरे में ही रहती हैं. किसी के पास जाना या मिलना जुलना बिल्कुल बंद है. पहले तो मां-बेटी ने टीम के साथ बात करने से ही मना कर दिया. लगभग तीन घंटे की मशक्कत करनी पड़ी.

### पिता की मौत के बाद दोनों को हुआ सदमा

जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिए आवेदन में स्वस्थी अग्रवाल ने बताया कि उनके पिता चंद्र प्रकाश अग्रवाल बीसीसीएल में अधिकारी थे. सेवानिवृत्ति के बाद 12 अक्टूबर 2023 को चंद्रप्रकाश अग्रवाल का निधन हो गया. उसे समय मां लतिका अग्रवाल एवं छोटी बेटी स्वाति अग्रवाल शव के साथ लगभग सात घंटे तक अपने कमरे में ही रह गए. सरायढेला पुलिस, सोसायटी के लोग व प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद लाश को कमरे से बाहर निकला गया था और अंत्येष्टि के लिए भेजा गया था. बताया जाता है तब से मां बेटी सदमे में ही रह गए. धीरे-धीरे वह अंधेरे के आदि होने लगे.

**मेरे पिता जिंदा हैं, साजिश कर रहे लोग** : अवर न्यायाधीश राकेश रोशन व डॉक्टर राजीव ने बताया कि काउंसलिंग के दौरान स्वाति अग्रवाल ने टीम के सामने बताया कि उसके पिता जिंदा हैं, उनके पिता की मृत्यु नहीं हुई है. पिता हमेशा हमारे साथ ही रहते हैं. उनके पिता की मौत नहीं हुई है उनके साथ षडयंत्र किया गया है. इसलिए बिजली और लाइट का प्रयोग नहीं करते हैं. किसी प्रकार से माँ बाहर से खाने की चीज लाती है. बाद में काउंसलिंग के बाद मां-बेटी ईलाज के लिए राजी हुई.

# श्रेष्ठ तीरंदाजों को सीएम ने किया सम्मानित



संवाददाता। धनबाद

विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा विभाग द्वारा रांची में आयोजित राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में धनबाद जिला का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा. जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने जानकारी दी कि विभागीय राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के पुरुष स्पर्धा अंडर 19 में धनबाद जिला के शिवा हांसदा ने बाजी मारी. महिला अंडर 19 तीरंदाजी में धनबाद की बिमल सोरेन ने प्रथम स्थान पर कब्जा किया. 19 वर्ष से ऊपर तीरंदाजी स्पर्धा में धनबाद जिला की प्रियंका हांसदा ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया. वहीं इस प्रतियोगिता में प्रियंका कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया. तीरंदाजी स्पर्धा में धनबाद जिला का नाम राज्य स्तर पर रौशन करने पर विजेताओं को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, खेल मंत्री हफीजुल हसन द्वारा सम्मानित किया गया. मुख्यमंत्री ने सभी विजेताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करने हुए शुभकामनाएं दी. तीरंदाजी कोच नामित कुमारी टुडू ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्पर्धा में धनबाद ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया.

## मुआवजा दिलाने को लेकर डीसी से मिले राज सिन्हा



संवाददाता। धनबाद

पांडरपाला के प्रभावितों को मुआवजा दिये जाने की मांग को लेकर धनबाद विधायक राज सिन्हा मंगलवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा से मिले. विधायक ने उपायुक्त को पिछले महीने 17 जुलाई को पांडरपाला, कुम्हारटोली में मोहर्रम के ताजिया जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच हुई झड़प में कुम्हार टोली पांडरपाला के कई गरीबों के घर, खपडे, गेट, दरवाजे, चहारदिवारी, चार पहिया वाहन सहित हुए अन्य भारी नुकसान से अवगत कराया. विधायक ने कहा कि घटना के बाद ही मुआवजा दिये जाने की बात जिला प्रशासन से हुई थी. उस घटना में कुम्हारटोली, पांडरपाला के वासियों को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है. जाँच करवाकर अविलंब मुआवजा देकर उन्हें राहत पहुंचाई जाय. साथ ही राज सिन्हा ने उपायुक्त को प्रभावित लोगों की सूची भी सौंपी.

### गोविंदपुर प्रखंड कर्मचारी-अधिकारी आवास के साईट इंचार्ज ने की आत्महत्या

**गोविंदपुर :** गोविंदपुर प्रखंड परिसर स्थित निर्माणाधीन अधिकारी एवं कर्मचारी आवास के साइट इंचार्ज सुबोध कुमार पंडित 24 ने पंखे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली. वह ग्राम मैंकी, थाना गरखा, जिला छपरा बिहार का रहने वाला था. वह एसएस कंस्ट्रक्शन कंपनी रांची में काम करता था. उसे गोविंदपुर में निर्माण कार्य की शुरुआती समय में ही यहां लाया गया था. वह यहां साइट इंचार्ज के पद पर कार्यरत था. उसके साथ काम करने वालों ने बताया कि रात में खाना खाकर सभी अपने-अपने स्थान पर सो गये थे. सुबह सुबोध के नहीं जगने पर उसके साथी ने जब उसे उठाने के लिए गये तो यह देखकर वह हैरान रह गये कि सुबोध पंखा में फंदा लगाकर झूल रहा था. उसने आसपास के अपने साथियों को इसकी सूचना दी.

**गोविंदपुर जाम से निजात को एनएचआई ने सरकार को लिखा पत्र**

## सड़क किनारे खड़े जब्त वाहनों को थाना परिसर में रखने की कवायद शुरू

संवाददाता। गोविंदपुर

गोविंदपुर और निरसा बाजार में जीटी रोड की जमीन का अतिक्रमण तथा दोनों थानों द्वारा जब्त वाहनों को सर्विस लेन पर लगाये जाने का मामला रांची पहुंच गया है. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण मुख्यालय नई दिल्ली के अध्यक्ष संतोष यादव ने इस संबंध में झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है. पत्र में कहा गया है कि आम जनता के अलावा पुलिस ने भी सड़क का अतिक्रमण कर रखा है. यही कारण है कि सर्विस लेन और नाली का निर्माण गोविंदपुर और निरसा बाजार में नहीं हो पा रहा है. अध्यक्ष ने मुख्य सचिव को लिखा है कि इस संबंध में प्राधिकरण के दुर्गापुर



परियोजना निदेशक ने धनबाद जिला प्रशासन को कई बार पत्र लिखा था, परंतु इस मामले में संज्ञान नहीं लिया गया. भारत सरकार की महत्वाकांक्षी जीटी रोड चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण कार्य अतिक्रमण के कारण पिछले कई वर्षों से बाधित है. उन्होंने लिखा है कि सड़क चौड़ीकरण के लिए प्राधिकरण किसी व्यक्ति विशेष की निजी जमीन का अधिग्रहण नहीं करेगा, परंतु प्राधिकरण की जो अपनी जमीन है, उससे अतिक्रमण हटाना जरूरी हो गया है. प्राधिकरण अध्यक्ष ने मुख्य सचिव को लिखा है कि निरसा और गोविंदपुर बाजार से अतिक्रमण हटाने के लिए झारखंड सरकार एक विशेष अधिकारी की प्रतिनियुक्ति करे , ताकि सड़क क्लियर हो सके और उस पर निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराया जा सके. इधर इस संबंध में गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने मंगलवार को गोविंदपुर थाना के बाहर जीटी रोड सर्विस लेन पर लगे वाहनों की जांच पड़ताल की. उन्होंने वाहनों को गोविंदपुर थाना परिसर में रखने की संभावनाओं पर विचार किया.

### ग्रामीण एसपी ने किया तोपचांची थाना का औचक निरीक्षण

**तोपचांची:** धनबाद ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने मंगलवार की शाम तोपचांची थाना का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान, उन्होंने थाना में दर्ज पुराने मामलों की समीक्षा की. इन मामलों के जल्द निष्पादन का निर्देश दिया. एसपी कपिल चौधरी ने थाना परिसर में रह रहे जवानों की स्थिति का जायजा लिया. थाना में पेयजल की समस्या को जल्द निष्पादन करने का आश्वासन दिया. उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि वे थाना की स्वच्छता और व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें. बताया कि इस औचक निरीक्षण का उद्देश्य थाना की कार्यप्रणाली की जांच करना और सुनिश्चित करना था कि पुलिस अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन प्रभावी ढंग से करें. एसपी ने क्षेत्र में घटित वारदातों में जल्द उद्भेदन करने का निर्देश दिया.

**तैयारी : शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में सुबह 9:05 बजे होगा ध्वजारोहण**

# डीसी-एसएसपी ने किया फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण

संवाददाता। धनबाद

उपायुक्त माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने मंगलवार को शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण किया. निरीक्षण के पूर्व उपायुक्त ने परेड की सलामी ली. इसके बाद परेड का निरीक्षण किया. तत्पश्चात उपायुक्त ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया.

निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा. जिसमें डीएपी व एनसीसी के दो-दो प्लाटून तथा सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, जेएपी, होमगार्ड, आरपीएसएफ व भारतीय स्काउट एंड गाइड के एक-एक प्लाटून परेड में हिस्सा लेंगे. उन्होंने समारोह स्थल की साफ सफाई, स्टेज, गणमान्य अतिथियों के बैठने, साज सज्जा, सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए. कोलफील्ड स्कूल की छात्राओं ने राष्ट्रगान गया और राष्ट्रगान की धुन बजाई. बता दें कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में सुबह 9:05 बजे उपायुक्त द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा.

इसके बाद धनबाद समाहरणालय में 10:00, अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में 10:20 बजे, मिश्रित भवन में 10:30 बजे, गांधी सेवा सदन 10:45 बजे, रेड क्रॉस सोसाइटी में 11:00 बजे तथा पुलिस लाइन धनबाद में 11:10 बजे पूर्वाह्न में झंडोत्तोलन किया जाएगा. मौके पर निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीएसपी हेडक्वार्टर 1 शंकर कामती, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, जिला नजीर आनंद कुमार व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.





### लापता किशोर का शव कुएं से बरामद

**कतरास।** दो दिन पूर्व देर शाम अपना आवास से लघुशंका की बात कहकर निकला शयामडीह निवासी पंद्रह वर्षीय चिरंजीवी दास उर्फ डब्ल्यू का शव उसके ही आवास से महज कुछ ही दूरी पर कुएं में पाया गया. बताते हैं कि शाम के समय कुछ महिलाएं उक्त कुआं की और गई थी. कुआ में शव देख महिलाओं के होश उड़ गए. बाद में किसी ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी. जिसके बाद मामले की जानकारी कतरास पुलिस को दी गई. पुलिस ने वहां पहुंचकर काफी मशक्कत से शव को बाहर निकलवाया.इसके बाद शव का पंचनामा कर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर लिया. थानेदार असित कुमार सिंह ने कहा बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया जायेगा. परिजन व आसपास के लोग कुआं में शव मिलने से हैरत में हैं.

## आर्म्स एक्ट का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

- दीपक सोनी के आधार कार्ड में आज भी पता के तौर पर धनबाद जेल है अंकित

संवाददाता। धनसार

धनसार थाना चांदमारी के आर्म्स एक्ट के आरोपी दीपक सोनी को धनसार पुलिस ने सोमवार की रात उसके घर से धर दबोचा. जिसे मंगलवार को जेल भेज दिया गया. बता दें कि धनसार पुलिस ने 2016 में इसके खिलाफ कांड संख्या 83/2016 के तहत आर्मस एक्ट का मामला दर्ज किया था. धनसार थाना में उसके खिलाफ लाल वारंट भी निर्गत था. सोमवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि दीपक अपनी पत्नी से मिलने आया है. इसके बाद छापेमारी कर उसे धर दबोचा. बता दें कि 22 जनवरी 2016 को बीपी सिन्हा कॉलेज ग्राउंड श्रीरामनगर में दीपक सोनी अपने साथी झंटू बंगाली और भोला रजवार सहित तीन अज्ञात के साथ मिलकर अपराध की योजना बना रहा था. धनसार के तत्कालीन थाना प्रभारी ने मौके से तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था. केस में जमानत मिलने के बाद से दीपक सोनी फरार था. इसलिए उसके खिलाफ लाल वारंट न्यायालय से निर्गत किया गया था. इस कांड में झंटू बंगाली को 2019 में ही तीन साल की सजा हुई थी. पकड़े गए दीपक सोनी आठ बार आपराधिक कांड में जेल जा चुका होता, जेल में रहते ही उसका आधार कार्ड बनाया गया था. जिसमे पता धनबाद जेल अंकित किया गया था. जहां आज तक उसके आधार कार्ड में पता धनबाद जेल ही अंकित है.

## ब्रीफ खबरें

### कतरास कॉलेज में ताला बंदी, प्राचार्य कार्यालय के गेट पर प्रर्दशन

**कतरास :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता शुभम हजारी के नेतृत्व में प्रैक्टिकल एग्जाम एवं क्लासेस नहीं होने को लेकर प्राचार्य कार्यालय के समक्ष धरना पर बैठे और छात्र हित की मांगों को लेकर पुरजोर विरोध कर नारेबाजी की. इसके बाद स्थानीय प्रशासन को इसकी सूचना मिली, थाना प्रभारी पूरे दल बल के साथ कॉलेज पहुंचे. इसके बाद उनके नेतृत्व में कॉलेज प्रशासन एवं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के साथ वार्ता हुई. फिर एग्जाम चालू किया गया. साथ ही तत्काल क्लासेस को चालू करने का आश्वासन दिया गया. इसके बाद विद्यार्थी परिषद ने धरने को समाप्त किया. मौके पर गोपाल केवट, रोहित राज डे, प्रिंस लाला, कौशल लाला, शशांक सिंह एवम अन्य दर्जनों विद्यार्थी उपस्थित थे.

### बीसीसीएल कर्मियों के लिए क्लर्क पद की वेकेंसी

**धनबाद।** बीसीसीएल के नॉन टेक्निकल पद पर कार्य कर रहे कोल कर्मियों को कंपनी की तरफ से प्रमोट होने का मौका दिया जा रहा है. बीसीसीएल मुख्यालय ने इस बाबत चार कैटेगरी में क्लर्क पद की नियुक्ति को लेकर नोटिस जारी किया है. इनमें जनरल क्लर्क ग्रेड तीन,सहायक लोडिंग क्लर्क ग्रेड तीन, ट्रिपमैन-डंपमैन क्लर्क और स्टोर इश्यू क्लर्क ग्रेड तीन के पद हैं. इन सभी पदों के लिए बीसीसीएल द्वारा कम से कम कंपनी में तीन साल का कार्य अनुभव और न्यूनतम शिक्षा मैट्रिक पास रखा गया है. एससी-एसटी कैंडिडेट्स के लिए पासिंग अंक 100 में 35 अंक रखा गया है. जनरल कर्मी के लिए पासिंग अंक 100 में 40 अनिवार्य किया गया है.

### धरना 10 दिनों के लिए स्थगित

**कतरास।** बाघमारा अंचल में 9 अगस्त से रैयतों का चल रहा धरना पांचवें दिन के बाद 10 दिन के लिए स्थगित किया गया है. इसकी जानकारी जगत महतो ने देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए तथा अंचल अधिकारी द्वारा रैयतों की समस्या निदान के लिए की गई पहल के मद्देनजर धरना को तत्काल 10 दिनों तक स्थगित किया गया है. यदि इस बीच में लोगों का काम नहीं होता है तो लोग फिर 23/08/2024 से ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले धरना में बैठेंगे. धरना में मुजीब अख्तर खान, दिलीप कुमार महतो, कमल महतो, विकास रजवार, बसंती देवी, मणिलाल साव, बिनोद कुम्हार, प्रदीप रजवार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे.

### वनरक्षी नारायण की मृत्यू पर महुदा थाना में यूडी दर्ज

**महुदा :** दामोदर नदी के बागड़ा घाट में 9 अगस्त की शाम पानी के तेज बहाव में भंवर में फंसकर चरकीटांड बस्ती निवासी वनरक्षी नारायण महतो की हुई मृत्यु के मामले में उसके पिता सिताराम महतो के आवेदन पर महुदा थाना में यूडी केस दर्ज किया गया है. वह गांव के ही एक बुजुर्ग के अंतिम संस्कार में गया था.नहाने के दौरान नदी के भंवर में फंस गया था. 24 घंटे बाद 10 अगस्त को शाम 6 बजे शव पानी से ऊपर आ गया था.11 अगस्त को दामोदर नदी के तेलमोच्चो घाट में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया था. इस दौरान वन विभाग के सभी सहकर्मी अन्तिम संस्कार में शामिल होकर स्व० नारायण महतो के चिता का नमन किये.

## हेमंत सरकार ने महिलाओं को ठगने का काम किया है : रागिनी सिंह

# डीसी कार्यालय के समक्ष भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन

संवाददाता । धनबाद



भाजपा महिला मोर्चा द्वारा उपायुक्त कार्यालय के समक्ष भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रीता यादव के नेतृत्व में आक्रोश रैली निकाल कर प्रदर्शन किया गया. इस आक्रोश रैली सह प्रदर्शन में झरिया, धनबाद, निरसा, सिंदरी विधानसभा की महिला मोर्चा के पदाधिकारियों समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष हेमंत सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया. जहां मुख्य रूप से धनबाद विधायक राज सिन्हा, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, कार्यक्रम की प्रभारी परिंदा सिंह, जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, प्रियंका पाल, भाजपा नेत्री तारा देवी समेत पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे. भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार ने पांच सालों तक राज्य की महिलाओं को सिर्फ ठगने का ही काम किया है. गरीब महिलाओं को दो हजार रु महीना एवं नौकरी में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का वादा इस सरकार ने पूरा नहीं किया. राज्य में महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है. आंकड़े बताते हैं कि 7 हजार महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना घटी है. जिसमें 50 प्रतिशत आदिवासी महिलाएं हैं. इसके बाद भी वर्तमान सरकार खुद को आदिवासी हितैषी बताती है. विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने कहा कि हेमंत सरकार में महिलाएं असुरक्षित हैं. इस सरकार ने महिलाओं को सम्मान नहीं दिया. 2019 में चुनाव के वक्त बड़े-बड़े वादे सरकार ने किए थे, जिसे ये पूरा नहीं कर सकी. परिंदा सिंह ने कहा कि महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है. जिसे लेकर महिलाओं में भारी आक्रोश है. आने वाले समय में इस महिला विरोधी सरकार को महिला शक्ति द्वारा करारा जवाब दिया जाएगा.

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, इस्लामी कट्टरपंथियों पर निशाना

# विहिप-बजरंग दल कतरास प्रखंड का एक दिवसीय धरना

संवाददाता । कतरास

**अखंड भारत संकल्प दिवस**



अखंड भारत संकल्प दिवस में सैंकड़ों देशभक्त सम्मिलित हुए.

बजरंग दल कतरास प्रखंड के कार्यकताओं ने मंगलवार को कतरास थाना चौक पर स्वामी विवेकानंद प्रतिमा स्थल के पास अखंड भारत संकल्प दिवस मनाया. स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा और भारत माता के चित्र में माला अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की. बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में और भारत से रोहिंग्या तथा बांग्लादेशी घुसपैठिए को देश बाहर करने को लेकर धरना दिया.कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वहिंदू परिषद अध्यक्ष शंकर जायसवाल ने किया. कार्यक्रम में मुख रूप से उपस्थित प्रांत गौ रक्षा प्रमुख कमलेश सिंह और प्रांत के विक्की सिंह रहे. कमलेश सिंह ने कहा कि लंबे संघर्ष और लाखों बलिदानों के बाद 15 अगस्त 1947 को आजादी तो मिली लेकिन अधूरी आजादी मिली. क्योंकि आजादी के एक दिन पूर्व 14 अगस्त को भारत माता के दो टुकड़े कर दिए गए. पूर्वी पाकिस्तान पश्चिम पाकिस्तान बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के ऊपर अत्याचार के विरुद्ध में बांग्लादेश के इस्लामिक कट्टरपंथी को जमकर निशाना साधा. विक्की सिंह ने कहा 1947 से पहले के भारत के मानचित्र में पाकिस्तान- बांग्लादेश को ब्रिटिश भारत के हिस्से के रूप में दिखाया गया है, जो पूर्व-एकीकृत भारत का सीमांकन करता है. अतः अखंड भारत का उद्देश्य भारत से अलग हुए इन देशों को पुनः एक करना. इसलिये अखंड भारत दिवस मनाया जाता है कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री दीपक मण्डल, सह मंत्री रणजीत रवानी,चंदन चक्रबती,बजरंग दल ज़िला सह संयोजक तापस कुमार दे,आनन्द खण्डेल्वाल,पूर्व पार्षद हरि अग्रवाल, श्यामा गुप्ता, उमाकान्त तिवारी,प्रखंड मंत्री सुजित रवानी, विनोद चौहान, मनोज केशरी, सन्तोष दास, राजकुमार प्रामाणिक, अजय चौहान, दिलीप दौसंधी, मिंटू दा, दिनेश चौहान, मुन्ना चौहान, विजय कुमार, राहुल बजरंगी, मनु नूनिया, उमेश हज़ारी आदि मौजूद थे.

### खेलो झारखंड प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार

गोविंदपुर। प्रखंड शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को भीतिया स्टेडियम में हुआ. अंडर-19 3000 मीटर की दौड़ बालक ग्रुप में गोसाईंडीह स्कूल का कृष्ण यादव प्रथम, अंडर 17 में यादवपुर स्कूल का आयुष राय, 800 मीटर बालक अंडर-19 में बरवापूर्व का फरदीन शेख, 800 मीटर अंडर-19 बालिका में यादवपुर की बबीता कुमारी, अंडर-17 बालिका में यादवपुर की रश्मि कुमारी, रिले रेस में गोविंदपुर हाई स्कूल का विशाल महतो, विश्वजीत दत्ता व अहमद वारिस, भीतिया स्कूल की आफरीन निशा एवं सुहाना परवीन, सेठ सुखीराम स्कूल की पिंकी कुमारी, कंचनपुर स्कूल के राजेश हेंब्रम एवं सीमा कुमारी, नवडीहा परस बनिया स्कूल के कैलाश रजवार ने पुरस्कार प्राप्त किया. प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, पूर्व उपप्रमुख डीएन सिंह, बीईईओ विनोद पांडेय, सारथी मंडल, उमा मंडल, माथुर अंसारी बीपीओ दीपक कुमार, सीता कुमारी सिन्हा, डॉ शैलवाला, नुसरत प्रवीण, मधुलता, पापिया घोष, अब्दुल सत्तार, अजहर हुसैन, मनोवर हसन, प्रशांत कुमार, शिवबाबू पटेल, अयूब अंसारी, किशुन मंडल आदि ने विजेताओं को पुरस्कृत किये.

# पुलिस की छापेमारी, दो लोहा चोर गिरफ्तार, अन्य फरार



- ऑटो और गैस कटर बरामद, मामला दर्ज

संवाददाता । मैथन

निरसा पुलिस ने ईसीएल के बरमुड़ी कोलियरी के समीप छापेमारी कर दो लोहा चोरों को गिरफ्तार किया, जबकि अन्य चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे. पुलिस को देखते ही ये दोनों चोर भी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने दोनों को खदेड़कर पकड़ लिया. पुलिस ने मौके पर से दो ऑटो, गैस सिलिंडर तथा लोहे का चार पीस चदरा समेत अन्य सामान बरामद किया. यह जानकारी मंगलवार को निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने अपने कार्यलय में पत्रकारों को दी.
उन्होंने कहा कि पुलिस को लोहा चोरी होने की गुप्त सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई तो 8-9 की संख्या में गैस कटर से लोहे का चदरा काटते चोर देखे गए. पुलिस को आते देख सभी चोर भागने लगे, लेकिन पुलिस जवानों ने दौड़ाकर दो चोरों को पकड़ लिया. बाकी चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे.
घटनास्थल पर जब्त दो ऑटो में से एक पर चार पीस लोहे का चदरा लोड था तथा दूसरे ऑटो पर गैस सिलेंडर, कटर मशीन, रबर पाइप और अन्य सामान लोड था. लोहे का चदरा का वजन करीब दो क्विंटल है.
गिरफ्तार चोरों में से एक का नाम चिरकुंडा के तालडांगा निवासी मो. शाहिद और दूसरे का नाम निरसा के मदनपुर निवासी मो. डालिम है. पुलिस को लोहा चोर गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम का भी पता चला है. इनके खिलाफ मैथन ओपी में मामला दर्ज किया गया है.

### पैसे लेकर डेढ़ साल बाद भी बिल्डर ने नहीं सौंपा मकान

**धनबाद ।** उपायुक्त माधवी मिश्रा के कार्यालय कक्ष में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया. इस दौरान एक महिला ने उपायुक्त को बताया कि उन्होंने एक बिल्डर को मकान खरीदने के लिए बैंक से लोन लेकर भुगतान किया है. रकम लेने के बाद अब तक बिल्डर ने मकान बनाकर हैंडओवर नहीं किया है. पीड़ित महिला ने बताया कि विगत डेढ़ साल से बिल्डर के कार्यालय का चक्कर लगा रही है. परंतु अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है. एक अन्य व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि टुंडी गिरिडीह सड़क चौड़ीकरण में उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया . भू-अर्जन विभाग ने अब तक उन्हें मुआवजा नहीं दिया और न ही जमीन वापस की है. एक बुजुर्ग दिव्यांग व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि उन्होंने शेखपुरा में अपने भाई के कहने पर अपनी जमीन बेची और रजिस्ट्री भी कर दी. लेकिन अब तक उन्हें रकम प्राप्त नहीं हुई है. जनता दरबार में महुदा में एनएच की जर्जर सड़क की मरम्मत कराने, अंचल कार्यालय द्वारा लगान रसीद नहीं काटने, भूमिहीन को जमीन उपलब्ध कराने, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, घर के बगल में स्थित गेट ग्रिल की दुकान बंद कराने, ऑनलाइन पंजी 2 में सुधार कराने, जमीन दलालों द्वारा पुश्तैनी जमीन में जबरन विवाद उत्पन्न करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए.

# स्कूल वैन और बाइक की टक्कर, दो लोग गंभीर



- नशे में धुत्त वैन चालक गिरफ्तार, स्थानीय लोगों ने की पिटाई

संवाददाता । तोपचांची

तोपचांची थाना क्षेत्र के गोमो स्थित रेलवे ओवरब्रिज के पास मंगलवार को एक स्कूल वैन और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई. इस घटना में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए तथा स्कूल वैन में सवार पांच बच्चों में से तीन बच्चों को हल्की चोटें आई. टक्कर लगने के बाद स्कूल वैन सड़क किनारे गढ्ढे में जा गिरा. पुलिस दुर्घनटनाग्रस्त दोनों जब्त कर थाना ले आई.

दुर्घटनाग्रस्त स्कूल वैन हरिहरपुर थाना के जीतपुर स्थित डीनोबाली स्कूल का बताया जा रहा है. घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों के अनुसार वैन चालक नशे में धुत्त था. पुलिस ने वैन चालक को गिरफ्तार कर लिया है. स्थानीय लोगों ने वैन चालक की जमकर पिटाई भी की. स्थानीय लोगों का कहना है कि इस घटना से स्कूल प्रबंधन की लापरवाही उजागर हुआ है. बच्चों की सुरक्षा स्कूल की जिम्मेवारी है, लेकिन यह स्कूल बच्चों को सुरक्षा नहीं देकर जान लेने पर आमादा है. स्कूल प्रबंधन को बच्चों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए तथा वैन चालक को सुरक्षित वाहन चलाने का निर्देश देना चाहिए था. बता दें कि तोपचांची प्रखंड के अधिकतर स्कूलों में ठूस-ठूस कर बच्चों को स्कूली वाहनों में भरा जाता है. जांच होने पर कई वाहनों के वैध कागजात समेत आपातकाल से निपटने के आवश्यक सामग्री भी नहीं मिलेंगे. संबंधित विभाग वैसे वाहन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करता. बच्चों की सुरक्षा को लेकर वैसे संचालकों के खिलाफ कार्रवाई किया जाना जरूरी है.

## बीसीसीएल : प्रतिदिन उत्पादन रिपोर्ट

| एरिया | | कोल | | ट्रांसपोर्ट | |
|---|---|---|---|---|---|
| बरोरा | - | 14,501 | टन | 13,118 | टन |
| ब्लॉक-2 | - | 12,522 | - | 12,959 | - |
| गोविंदपुर | - | 1,218 | - | 2,420 | - |
| कतरास | - | 6,150 | - | 4,435 | - |
| सिजुवा | - | 8,009 | - | 3,871 | - |
| कुसुंडा | - | 10,007 | - | 7,465 | - |
| पंजाब | - | 594 | - | 0 | - |
| बस्ताकोला | - | 10,002 | - | 3,855 | - |
| लोदना | - | 10,010 | - | 1,645 | - |
| ईजे | - | 7,504 | - | 0 | - |
| सीवी | - | 1,500 | - | 0 | - |
| डब्ल्यू जे | - | 990 | - | 0 | - |
| कुल | | 83,007 | | 49,768 | |

# झारखण्ड आन्दोलनकारी 22 अगस्त को करेंगे सीएम का घेराव



संवाददाता । गोमो

झारखंड आंदोलनकारी महासभा केंद्रीय समिति की ओर से धनबाद जिला झारखंड आंदोलनकारी की एक बैठक हटिया मैदान में हुई. बैठक की अध्यक्षता महासभा के वरीय उपाध्यक्ष किशोर किस्कु व संचालन केंद्रीय सचिव बालकृष्ण रजवार ने की. इस दौरान तोपचांची, बाघमारा, गोबिन्दपुर, डुमरी, नावाडीह सहित कई प्रखंडों से बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी भाग लिए. 11 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड आंदोलनकारियों के मान सम्मान और पेंशन को लेकर आगामी 22 अगस्त को रांची में होने वाले मुख्यमंत्री घेराव कार्यक्रम में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया. झारखंड आंदोलनकारी में नरेश महतो, आनंद सिंह, भावेश महतो, शिवलाल किस्कु, गिरिधारी प्रसाद महतो, छत्रपति महतो, मोहम्मद रमजान अंसारी, सेवाराम महतो, कुलदीप ठाकुर, मदन महतो, बालेश्वर दास, मंजय मुर्मू, गोपाल यादव, रश्मि देवी आदि ने सम्बोधित किया. सभी ने 22 अगस्त के कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की.

### झाकोमयू की विभिन्न कोलियरियों की शाखा कमिटी का गठन

संवाददाता । मैथन

झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक मंगलवार को लखीमाता कोलियरी परिसर में यूनियन के जोनल उपाध्यक्ष विनोद सिंह की अध्यक्षता में हुई. संचालन प्रशांत हेम्ब्रम ने किया. बैठक में विभिन्न कोलियरियों की शाखा कमेटी का गठन किया गया. जिसमें बैजना कोलियरी शाखा के अध्यक्ष नाजीर शेख, सचिव श्यामापद बाउरी, उपाध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, सदस्य राज दे, बीरू बाउरी, महेश रविदास, हलिम खाना, वहीं श्यामपुर बी कोलियरी के अध्यक्ष चांदलाल सोरेन, सचिव हेमलाल टुडू, लखीमाता कोलियरी अध्यक्ष रवि गोप, सचिव यदुनंदन गोप, अर्जुन साव, राजेश कुमार, हड़ियाजाम कोलियरी अध्यक्ष महानद रवानी, सचिव मोतीलाल सोरेन, गोपीनाथ धीवर, शेख सरफराज, चापापुर कोलियरी अध्यक्ष प्रशांत हेम्ब्रम, सचिव बोदीलाल सोरेन को बनाया गया. मौके पर झामुमो के अनरव सरकार, इशाक बेग, आस्तिक बाउरी, आलमगीर असरफ, गोपीन टुडू, सुनील कुमार, सुवोद टुडू, धजाधारी हांसदा, रूपलाल हांसदा सहित अन्य उपस्थित थे.

### सेविकाओं को दिया गया पल्स पोलियो अभियान का प्रशिक्षण

- 25 से 27 अगस्त तक दी जाएगी पोलियो की खुराक

संवाददाता । तोपचांची

पांच साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने के लिए मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में आंगनबाड़ी केंद्र की 156 सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया. सीडीपीओ ममता साह ने सेविकाओं को पल्स पोलियो के बारे में जानकारी दी और स्वास्थ्य प्रबंधक विश्वंभर राम तथा डब्लूएचओ के मोनिटर दिलीप महतो ने प्रशिक्षण दिया. पल्स पोलियो की खुराक 25, 26, और 27 अगस्त को दी जाएगी. सेविकाओं को बताया गया कि नवजात से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक कैसे देना है. प्रशिक्षण देने का उद्देश्य पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाना और बच्चों को पोलियो से बचाना है.



चूल्हा चौकी, नावाडीह (असर्फी अस्पताल के समीप, धनबाद)

### राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण इकाई की बैठक

- 15 अगस्त को रक्तदान शिविर लगाने का निर्णय

संवाददाता । निरसा

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण (भारत) धनबाद इकाई की बैठक मंगलवार को चिरकुंडा के सेलिब्रेशन हॉल में हुई. बैठक में आगमी 14 अगस्त को पौधरोपण एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को मेगा रक्तदान शिविर लगाने का निर्णय लिया गया. बैठक में सांगठनिक मजबूती पर भी चर्चा चली. साथ ही शिविर को सफल बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई. मानवाधिकार से जुड़े नियमों एवं कर्तव्यों की जानकारी सदस्यों को दी गई. सदस्यों से आग्रह किया गया कि कोई भी कार्यक्रम संगठन के माध्यम से ही हो.

### ऑटो चालकों को पहनना पड़ेगा ड्रेस, प्रचार की तैयारी में जुटा परिवहन विभाग

संवाददाता । धनबाद

झारखंड सरकार के परिवहन विभाग से पूर्व में जारी निर्देश के आलोक में अब धनबाद के ऑटो चालकों के लिए ड्रेस कोड जल्द लागू किया जाएगा. डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी ने बताया कि जिला परिवहन विभाग प्रचार अभियान शुरू करने जा रहा है. दूसरी तरफ उन्होंने यह भी बताया कि धनबाद में ऑटो की संख्या ज्यादा है. इस वजह से इसे लागू करने में अभी और वक्त लगेगा.

## एक मुलाकात अपनों के साथ, कार्यक्रम में शामिल हुए संतोष सिंह

# समय से पहले चुनाव के चक्कर में भाजपा

**खास बातें**

- मैथन के आमकुड़ा गांव में हुआ कार्यक्रम
- कार्यकर्ताओं को चुनाव मे जुटने की अपील

संवाददाता । मैथन



कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह एक मुलाकात अपनों के साथ कार्यक्रम में शामिल होने मंगलवार को मैथन के आमकुड़ा गांव पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. इस दौरान उन्होंने महिलाओं और ग्रामीणों को झारखंड सरकार की अबुआ आवास, मंईयां सम्मान योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने कहा कि एक मुलाकात अपनों के साथ कार्यक्रम पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए है. वार्ड, पंचायत एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता ही संगठन को मजबूती प्रदान करते हैं. विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कार्यकर्ताओं को टास्क दिए तथा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया.
जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा घबराहट में है, इसलिए समय से पहले चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग पर दवाब बना रही है. मैं अपनी आलोचनाओं से विचलित नहीं होता. इस वजह से और ज्यादा कार्य करने की शक्ति मिलती है. कांग्रेस को मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है. मौके पर कांग्रेस के निरसा प्रखंड अध्यक्ष डीएन प्रसाद यादव, गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार हांड़ी, एग्यारकुंड प्रखंड अध्यक्ष जियाउल हुसैन, मुजाहिद शेख, नंदन भुईयां, विनोद कुमार, सुभाष भुईयां समेत पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.






## ब्रीफ खबरें

### डायरिया रोकथाम को ले चला जागरुकता अभियान

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड स्थित बादीडीह व गदर पंचायत में डायरिया के रोकथाम को ले जागरुकता अभियान चलाया गया. गावां स्वास्थ्य विभाग की टीम उक्त स्थानों में जाकर लोगों से परिसर की साफ सफाई, घर के सामने गंदगी, कूड़ा, करकट नहीं फैलाने के लिए प्रेरित किया. बताया गया कि फिल्टर उक्त पानी या उबले हुए पानी को ही पेयजल के रूप में प्रयोग करें. बताया गया कि उल्टी व दस्त आदि की शिकायत होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां में आकर इलाज करवाए . यहां इलाज की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है. मौके पर एमटीएस मो कमर, कुमकुम देवी व सौरव कुमार आदि उपस्थित थे.

### राजनीति विज्ञान विभाग के छात्रों को दी गई विदाई

**कथारा।** केबी कॉलेज में मंगलवार को राजनीति विज्ञान विभाग के जूनियर छात्र-छात्राओं द्वारा सेमेस्टर छह के छात्र-छात्राओं का विदाई प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुई. प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति ने छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत करने की सलाह देते हुए जीवन के आगामी प्रयासों के लिए शुभ कामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना का आर्शीवाद दिया. विदाई समारोह कार्यक्रम में प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति समेत राजनीति विज्ञान विभाग के डा. नीला पूर्णीमा तिर्की, डा. बासुदेव प्रजापति समेत विभाग के जूनियर छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

### डीसी ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**गिरिडीह।** गिरिडीह के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में तीनों नगर निकायों में चली रहीं विकास योजनाओं की समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने गिरिडीह नगर निगम, नगर पंचायत बड़की सरैया व नगर पंचायत धनवार में चल रहे विकास योजनाओं की प्रगति के बारे में संबंधित अधिकारियों से बारी-बारी से जानकारी ली. उन्होंने पाइपलाइन जलापूर्ति योजना की बारीकी से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया. कहा कि यदि कहीं अचन आ रही है, तो संबंधित विभागों से समन्व बनाकर अड़चनों को दूर कर काम जल्द पूरा करें. साथ ही पिछली बैठक में लाए गए प्रस्तावों पर कितना काम हुआ इसकी भी जानकारी ली. बैठक में अपर समाहर्ता, उप नगर आयुक्त, एसडीओ बगोदर सरिया, कार्यपालक पदाधिकारी बड़की सरैया नगर पंचायत, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत धनवार आदि मौजूद थे.

### डीसी-एसपी ने रिहर्सल परेड का किया निरीक्षण

**बोकारो।** बोकारो में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी अंतिम चरण में है. 15 अगस्त को मुख्य समारोह सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में होगा. मंगलवार को मैदान में परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास हुआ. डीसी विजया जाधव व एसपी पूज्य प्रकाश ने पूर्वाभ्यास परेड का निरीक्षण किया. इसके बाद तिरंगे को सलामी दी. डीसी व एसपी ने आयोजन की तैयारी में लगे अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए. परेड में जिला सशस्त्र बल की दो प्लाटून, सीआरपीएफ,, सीआईएसएफ, गृह रक्षा वाहिनी व एनसीसी की एक-एक प्लाटून तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र -छात्राओं की चार प्लाटून शामिल होंगी. इधर, स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर पुलिस लाइन मैदान की रंगाई-पोताई कर आकर्षक तरीके से सजाया गया है.

### जमुआ में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**जमुआ।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस को लेकर भाजपा का चार दिवसीय कार्यक्रम के तहत मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ जमुआ में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया. बाइक रैली के माध्यम से हाथों में तिरंगा झंडा लिए डीजे के पीछे भारत माता का जय बोलते चल रहे थे. विधायक केदार हाजरा के तत्वावधान में तिरंगा यात्रा निकाली गई. विधायक के आवास कारोडीह से तिरंगा यात्रा शुरू हुआ, जो पूरे जमुआ का भ्रमण करते हुए खरगडीहा लंगटा बाबा मंदिर परिसर तक पहुंचा. विधायक केदार हाजरा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस अपने में गौरव का अनुभव करने व कराने का दिन है.

## पीएनडी जैन उच्च विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

# 80 परीक्षार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर किया सम्मानित

**संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)**



बोर्ड परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंगलवार को पीएनडी जैन उच्च विद्यालय प्रांगण में प्रतिभा को सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला-बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री बेबी देवी थी. इस दौरान एसडीएम डुमरी शहजाद परवेज, एलआरडीसी जीतराय मुर्मू, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष झारखंड सरकार ताराचंद जैन, प्रमुख उषा देवी, मुखिया दक्षिणी सीताराम तुरी, मुखिया इसरी उत्तरी रीना देवी, मुखिया रांगामाटी जागेश्वर यादव, पूर्व प्रमुख यशोदा देवी, अर्जुन साव, लालमणि साव, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अभय कुमार जैन, सहायक सचिव अशोक कुमार जैन, सदस्य राजेश जैन, सेठी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार जैन, सीमा जैन, अनिता जैन आदि मौजूद थे.

मंत्री ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए अपने संक्षिप्त वक्तव्य में कहा कि मैं शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली परेशानियों के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध हूं. बच्चों से उन्होंने अपनी समस्या उनसे साझा करने को कहा. जो भी परेशानी हो मुझसे मिलें. एसडीएम, भूमि उप समाहर्ता, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन, अशोक कुमार जैन, राजेश जैन आदि ने भी समारोह को सम्बोधित किया.

विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार जैन ने स्कूल के प्रतिवेदन को प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियां गिनाई. उन्होंने कहा कि 2016 में श्याम कुमार सिंह एवं सुनील कुमार जैन तथा 2020 में विज्ञान शिक्षक देवेश कुमार को जिले का सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है. शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ 80 परीक्षार्थियों ने 80 फीसदी या उससे अधिक अंक प्राप्त किये. इन्हें प्रशस्ति पत्र, मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में संगीता जैन, प्रमोद कुमार यादव, देवेश कुमार देव, रजत जैन, सुब्रत सामंता, रूपलाल प्रसाद मंडल, दयानंद कुमार, विवेक जैन, वैभव रानी, संजीव कुमार जैन, पूर्व मुखिया अजीत कुमार आदि उपस्थित थे. इसके पूर्व मंत्री एवं उपस्थित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को बुके देकर स्वागत किया गया.

### प्रशिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर राज्य सरकार का किया विरोध

**बोकारो।** झारखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय के व्यवसायिक प्रशिक्षकों ने मंगलवार को काला बिल्ला लगाकर सरकार का विरोध किया. सरकार से प्रशिक्षकों ने अपनी मांगों को पूर्ति के लिए कई बार धरना प्रदर्शन और जेपीईसी का घेराव भी किया है. प्रदर्शनकारियों ने मांग पूरा नहीं होने के कारण 19 अगस्त तक व्यावसायिक प्रशिक्षक पूरे झारखंड में काला बिल्ला लगाकर विद्यालय जायेंगे. प्रदर्शनकारियों ने कहा कि झारखंड में वर्ष 2015 से प्लस टू विद्यालय में व्यवसायिक प्रशिक्षक कार्यरत हैं. इतने वर्षों में प्रशिक्षकों के वेतन में किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं की गई है. पूर्व में प्रशिक्षकों ने अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर विधानसभा के समीप तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन किया था, लेकिन सरकार ने उनकी मांगों को नहीं सुनी.

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पीरटांड प्रखंड के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

# मतदाताओं का नाम विलोपन पर विशेष ध्यान दें : नमन

**संवाददाता। पीरटांड (गिरिडीह)**



जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने 32 गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पीरटांड़ प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए. इस दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पीरटांड़, अंचलाधिकारी पीरटांड़, प्रधान लिपिक, निर्वाचन शाखा समेत निर्वाचन शाखा के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे.

निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने 32 गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पीरटांड़ प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 288 कर्णपुरा ईस्ट, 289 कर्णपुरा वेस्ट का निरीक्षण किया. इस दौरान बीएलओ/बीएलओ सुपरवाइजर के द्वारा किए जा रहे हाउस टू हाउस सर्वे कार्यों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया. साथ ही निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को मतदाता सूची में नाम निबंधन, विलोपन एवं संशोधन हेतु प्रपत्र 6, 6क, 7 एवं 8 में प्राप्त दावा/आपत्ति संबंधी प्रपत्रों के निष्पादन की गति को बढ़ाते हुए निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप निष्पादन का निर्देश दिया गया. उन्होंने संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी गतिविधियों एवं अबतक किये गये कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए मतदाताओं द्वारा प्राप्त आवेदनों का समयबद्धता के साथ निष्पादन करने का निर्देश दिया. उन्होंने मतदाता सूची के अद्यतनीकरण, घर-घर सत्यापन, पुराने लेमिनेटेड/ब्लैक एंड व्हाइट मतदाता पहचान पत्र के नवीनीकरण, मतदान केन्द्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित कराने पर विशेष बल दिया. वहीं मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने एवं त्रुटियों को सुधारने संबंधी कार्रवाई ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया . उन्होंने मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम विलोपन पर विशेष ध्यान रखने का भी निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक या अनिबंधित योग्य नागरिक जो अभी तक अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं करा सके हैं, वे प्रपत्र- 6 में आवेदन समर्पित करते हुए अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं. उन्होंने कोई भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित न रहे, इसके लिए सभी पदाधिकारी को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया. साथ ही सभी मतदाताओं का फोटोयुक्त रंगीन मतदाता पहचान पत्र निर्गत किये जाने की दिशा में कार्य करें. इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा सभी मतदाताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया.

## वॉलिंटियर्स दल ने मलेरिया रोधी नमूने किये संग्रहीत

**संवाददाता। देवघर**

जिला भीबीडी डॉ गणेश कुमार कंसल्टेंट के निगरानी में तथा अमित कुमार, कीट संग्रहकर्ता के पर्यवेक्षण में डेंगू चिकनगुनिया के प्रसार की रोकथाम और नियंत्रित करने के लिए कम्युनिटी वॉलिंटियर्स के दल और फाइलेरिया नियंत्रण इकाई के कर्मियों द्वारा डेंगू के संभावित रोगी (एन एस 1 पॉजिटिव) के घर और आसपास मोहल्ले अंतर्गत क्षेत्रों के साकेत बिहार, इंदिरा नगर, वार्ड14, सत्संग चौक एवं बरमसिया, देवघर में फॉगिंग और जल जमाव वाले जगहों एवं पात्रों आदि में लार्विसाइडल दवा का छिड़काव किया गया. साथ ही सप्ताह में एक दिन सूखा दिवस मनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया एवं जल जमाव वाले बेकार फेंकें हुए बर्तनों में मच्छरों के पनप रहे लार्वा एवं प्यूपा को दिखाते हुए उसे अपने सामने नष्ट कराया. ऐसा प्रत्येक रविवार को करने के लिए घर वालों को प्रेरित भी किया गया, ताकि इसमें डेंगू-चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर अपना अंडा नहीं दे स. इसके साथ ही काई लगे हुए बर्तनों को रगड़ कर साफ करके उपयोग करने के लिए भी कम्युनिटी वालंटियर द्वारा बताया गया, क्योंकि काई लगे हुए बर्तनों में मच्छरों के अंडे चिपके रह जाते हैं और जब भी इनको पानी मिलता है तो फिर यह अपना जीवन चक्र प्रारंभ करके व्यस्क मच्छर में बदल जाता है, जो बाद में संक्रमित होकर डेंगू-चिकनगुनिया आदि जैसे वायरल बीमारी फैलाती है. नारियल के खोपडे को भी चार भागों में काटकर फेंकने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि इसमें भी बरसात का पानी जमा ना हो सके. डेंगू चिकनगुनिया होने की स्थिति में क्या करें अथवा क्या नहीं करें से संबंधित जागरुकता के लिए हैंडबिल भी वितरित किया गया और हमेशा मच्छरदानी में सोने तथा शरीर को पूरी तरह ढकने वाले कपड़ों का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया.

मोहल्ले वासियों को बताया गया कि तेज बुखार, सर दर्द, आंखों के पीछे दर्द, जोड़ो एवं मांसपेशियों में दर्द को अनदेखा न करें यह डेंगू या चिकनगुनिया हो सकता है.

ऐसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें एवं उनके निर्देशानुसार ही दवा के पूरी कोर्स का सेवन करें. ज्यादा से ज्यादा ताजा एवं तरल पेय पदार्थ का उपयोग करें तथा आराम करें.

# भाकपा माले ने किया बिजली कार्यालय के सामने प्रदर्शन



**संवाददाता। गावां (गिरिडीह)**

भाकपा माले प्रखंड कमिटी द्वारा गावां पंचायत भवन के पास मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में मुख्य रूप से राजकुमार यादव उपस्थित थे. बैठक में संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की गई. सभी पंचायतों में बूथ स्तर पर कमिटी बनाने की योजना बनाई गई. तय किया गया कि प्रखंड कमिटी के लोग सभी पंचायतों में जाकर सशक्त बूथ कमिटी का निर्माण करेंगे. वहीं डोर टू डोर भ्रमण कर पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे. चर्चा की गई कि दो माह से गावां प्रखंड में कई विद्यालयों में एमडीएम का चावल नहीं आने से मध्याह्न भोजन की स्थिति खराब हो गई है. इस पर शीघ्र ही विरोध प्रदर्शन होगा.

बैठक के उपरांत माले कार्यकर्ता व ग्रामीण गावां बिजली कार्यालय पहुंचे व लचर बिजली व्यवस्था के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

मौके पर राजकुमार यादव ने कहा कि प्रखंड वासियों को 24 घंटे में मात्र 5 से 6 घंटे ही बिजली मिल पाती है. तार व खंभे आदि काफी जर्जर हो चुके हैं. क्षेत्र के सांसद व विधायक को क्षेत्र से कोई लेना देना नहीं है. उन्होंने विभाग के जीएम से इस संबंध में बात की. कहा कि 20 अगस्त तक यदि बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो कार्यालय के सामने उग्र प्रदर्शन करते हुए घेरा डालो, डेरा डालो कार्यक्रम चलाया जाएगा.

मौके पर नागेश्वर यादव, अखलेश यादव, कन्हाइ राम, रंजीत राम, अशोक यादव, सितन यादव, मनोज सिंह, जितेंद्र यादव, संजय दास, आनन्दी यादव, अशोक यादव, संजय यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

# पीरटांड़ में वन महोत्सव 2024 आयोजित

**संवाददाता। पीरटांड (गिरिडीह)**



पीरटांड़ प्रखंड के कुम्हरलालो पंचायत में वन विभाग द्वारा वन महोत्सव कार्यक्रम 2024 का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के जिला उपाध्यक्ष सह झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह, डीएफओ अंकित कुमार, मुख्य वन संरक्षक आर एन मिश्रा, जिला पर्यावरण समिति के राज कुमार राज, पीरटांड़ प्रभारी रेंजर एसके रवि, पीरटांड़ प्रमुख सविता टुडू, कुम्हरलालो मुखिया अनिता देवी उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरुआत झारखंड के लोकगीत एवं आदिवासी पारंपरिक नृत्य के साथ किया गया जिसके बाद सभी अतिथियों को पौधा देकर उनका स्वागत किया गया. अतिथियों के स्वागत के बाद दीप प्रज्वलित कर रास्ट्रीय गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई. वहीं कार्यक्रम में काफी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे. उनके द्वारा जंगल को बचाने को लेकर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया.

कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने पर्यावरण को लेकर अपनी-अपनी बात को रखा. इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर कार्यक्रम के बाद पौधरोपण किया गया.

उन्होंने कहा कि आज के समय में जो इतनी ज्यादा गर्मी पड़ रही है. इसका कारण यह भी है कि हम लगातार वृक्षों को काट रहे हैं और नए पौधे नहीं लगा रहे हैं, जिस कारण वातावरण का संतुलन बिगड़ गया है. इसलिए हमें अभी से सचेत होना पड़ेगा और प्रत्येक नागरिक को एक पौधा जरूर लगाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियां हमें दोषी न ठहराएं.

उन्होंने कहा कि पौधा लगाने के साथ-साथ उसकी देखभाल भी जरूरी है. जिससे वृक्ष बड़ा होगा और वातावरण का संतुलन कायम हो जाएगा. प्रत्येक नागरिक को शुद्ध हवा मिलेगी और फल भी खाने को मिलेगा. कार्यक्रम को सफल बनाने में सूरज कुमार, अक्षय सिंह, पंकज कुमार, रोहित पानुरी, सागर विश्वकर्मा सहित कई वनरक्षी शामिल थे.

### सावन माह के प्रथम दिन से अनवरत जारी है सेवा

**देवघर।** विश्व सनातन वैदिक संघ व सलूजा गोल्ड के संयुक्त तत्वावधान में खजुरिया गेट स्थित कांवरियां पथ पर लगे निःशुल्क सेवा शिविर में सावन माह के प्रथम दिनों से सेवा अनवरत जारी है. इस सेवा शिविर के माध्यम से प्रत्येक दिन हजारों लोगों को सेवा की जा रही है. मंगलवार को सलूजा गोल्ड के जीएम उपेन्द्र कुमार सिन्हा भागलपुर से आकर शिविर में सेवा दिए. उपेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि शिविर में सेवा देकर मुझे सुखद अनुभूति हुई, यह मेरे लिए परम सौभाग्य रहा कि मुझे सेवा शिविर में आकर कांवरियों का सेवा करने का अवसर मिला. मैं यहां कि व्यवस्था देखकर अति प्रसन्न हूं. सलूजा गोल्ड के जीएम उपेंद्र कुमार सिन्हा को विश्व सनातन वैदिक संघ के संस्थापक रोशन मिश्रा ने अंगवस्त्र एवं लक्ष्मीकांत मालवीय ने स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया. उपेंद्र ने अपने हाथों कांवरियों के बीच लड्डु, साबूदाना एवं फल वितरण किए. मौके पर रोशन मिश्रा, सचिव लक्ष्मीकांत मालवीय, दिलखुश कुमार, राजीव रंजन राय इत्यादि लोग मुख्य रूप से मौजूद थे.

### टीबी उन्मूलन जिला स्तरीय परामर्शी बैठक आयोजित

**बोकारो।** टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के लिए जिला स्तरीय परामर्शी बैठक का आयोजन रिच संस्था और एनटीईपी (राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम) चास स्तिथ होटल राजदूत में मंगलवार को जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर डीएम जफरुल्लाह की अध्यक्षता में हुई. मंच का संचलन रिच संस्था के बोकारो जिला रणनीतिकार रस रंजन ने किया. इस बैठक में रिच संस्था के टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में अपने अब तक किए गए उल्लेखनीय कार्यों पर चर्चा की गई. मौके पर रिच के राज्य अधिकारी विकास कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर ए के झा, जिला कार्यक्रम समन्वय यक्ष्मा उन्मोलन हेमंत कुमार झा, जिला पीपीएम कोर्डिनेटर, नितिन सिंह, मीडिया कर्मी, इंडस्ट्री रिप्रेजेंटेटिव, टीबी चैंपियन और जिला यक्ष्मा उन्मूलन के सभी सदस्य आदि मौजूद थे. इस अवसर पर सभी टीवी चैंपियन को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया.

### डीएवी पब्लिक स्कूल कथारा में हेड ब्वाय, हेड गर्ल चयनित

**कथारा।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा में मंगलवार को सुबह प्रार्थना सभा स्थल पर विद्यालय के प्रांगण में विद्यार्थियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गईं. जिसमें बच्चों को उनके दायित्व से संबंधित पद-पट्टिका भी पहनाई गयी और शपथ ग्रहण भी कराया गया. शनिवार को चुनाव कराया गया था, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने वोट डालकर अपना हेड बॉय तथा हेड गर्ल का चयन किया. इसमें हेड बॉय के रूप में जीत सिंह देव तथा हेड गर्ल पलक कुमारी बनीं. वाइस हेड ब्वाय मानस कुमार, वॉइस हेड गर्ल श्रृष्टि कुमारी बनी. कल्चरल कैप्टेन ग्यारहवीं की छात्रा नंदनी कुमारी, स्पोर्ट्स कैप्टेन रानी कुमारी एवं जय प्रकाश यादव को चुना गया. वहीं दयानंद हाउस के कैप्टन के रूप में अभिजीत कुमार और बुलबुल कुमारी, अरविंदो हाउस के कैप्टन के रूप में विकाश कुमार और तनीषा कुमारी, विवेकानंद हाउस के कैप्टन आकाश कुमार और सुरभी कुमारी तथा श्रद्धानंद हाउस के कैप्टन हर्ष निकेतन तथा झांशु माला चुनी गईं. इन सभी नव नियुक्त विधार्थियों को बेज तथा सेस प्रदान किया गया. शपथ ग्रहण विद्यालय के अंग्रेजी शिक्षक जीतेन्द्र दुबे द्वारा कराया गया. इस अवसर पर झारखंड जोन जी के निदेशक बिपिन राय ने बच्चों को उनके पद से संबंधित पद-पट्टी प्रदान कर सम्मानित किया. कार्यक्रम का संचालन सीसीए कोऑर्डिनेटर बी के दसौंधी ने किया.

### बच्चों को पढ़ने के लिए दो दिवसीय शिक्षक ट्रेनिंग शुरू

**पीरटांड (गिरिडीह)।** झारखंड शिक्षा परियोजना एवं रूम टू रीड के संयुक्त प्रयास से निपुण भारत मिशन के भाषा (हिंदी) लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु निपुण के नौ (मौखिक भाषा विकास , ध्वनि जागरुकता, वर्ण ज्ञान, शब्द भंडार, धाराप्रवाह, समझ, लेखन व स्वतंत्र पठन) घटकों को कक्षा में बच्चों के बीच नियमित एवं प्रभावी तरीके से संचालित करने के लिए बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 1 एवं 2 के शिक्षकों के लिए दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण के प्रथम एवं द्वितीय बैच का समापन मंगलवार को हुआ. इसके तहत विद्यालय में सहायक सामग्रियां, शिक्षकों के लिए शिक्षक संदर्शिका व बच्चों को कार्य प्रत्रक, पोस्टर और पढ़ने संस्कृति को बढ़ाने के लिए संकुल स्तर पर 800 से अधिक रोचक कहानी के किताबें उपलब्ध कराई गई. पीरटांड़ ब्लॉक के सभी 224 विद्यालयों के कक्षा 1 व 2 में पढ़ाने वाले शिक्षकों को 2 दिवसीय प्रशिक्षण देने की योजना है. जिसमें मास्टर ट्रेनर के रूप में समीर कुमार सेन, नन्हकू रविदास, सुशील कुमार महतो और राजीव कुमार उपस्थित थे.

### महिलाओं ने की सावन महोत्सव में जमकर मस्ती

**बोकारो।** बोकारो के सेक्टर 3 बी में वसुंधरा परिवार की ओर से सोमवार को सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया. महोत्सव में हरे परिधान में पहुंचीं महिलाओं ने जमकर मस्ती कीं. नृत्य, गीत समेत अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जश्न मनाया. समारोह में वसुंधरा गली के पुरुष व बच्चे भी हरे रंग के कपड़ों में शामिल हुए. सभी ने गीतनाद में कजरी, झूला गीत और महादेव के नचारी गीतों की सुरीली प्रस्तुति दी. इस मौके पर महिलाओं के लिए रसोई की रानी, गुब्बारा फोड़ो, म्यूजिकल चेयर, बूझो तो जानें सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं. विजेताओं को उपहार दिए गए. बच्चों के लिए भी मनोरंजन व खेलकूद के कई कार्यक्रम हुए. लकी ड्रा के माध्यम से सावन क्वीन का खिताब मालती देवी ने जीती. मौके पर रूबी, खुशबू, अनामिका, रूपा, लक्ष्मी, रेणु, सुनीता, अनीता, प्रियंका, चंदा, आशा, मोनी, अंकिता, वीणा, कंचन, सुलोचना सहित वसुंधरा गली की दर्जनों महिलाएं उपस्थित रहीं.

### युवा लायंस फोर्स ने एक रुपए में कराया चिडका धाम दर्शन

**बोकारो।** युवा लायंस फोर्स द्वारा मात्र एक रुपए में पोशाक, गमछा, कांवर, वाहन, मिठाई, फल, पानी, एम्बुलेंस, मेडिकल सुविधा, बैंड, बाजा एव झांकी के साथ हजारों कांवरियों को चिडका बाबा धाम का दर्शन कराया. कार्यक्रम की शुरूआत युवा लायंस फ़ोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष सह युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा के माता-पिता ने समस्त कांवरियों को झंडा लहराकर उनके आवास स्थल बोदरो से रवाना किया. श्री शर्मा ने कहा कि बाबा की कृपा से लगभग 12 वर्षों से ग्रामीण एवं दूर दराज क्षेत्र के हजारों गरीब असहाय लोगों को मात्र एक रुपए में चिड़का बाबा दर्शन कराया जा रहा है. युवा लायंस फोर्स हमेशा गरीब असहाय लोगों के सुख-दुख में खड़ी रहती है. इस दौरान हजारों कांवरियां नाचते गाते दामोदर नदी से जल उठाने के बाद सभी शिव भक्त बाबा गोरीनाथ धाम के लिए रवाना हो गये. इसी क्रम में पूरे रास्ते युवा लायंस फोर्स के सदस्यों ने अपनी सक्रियता दिखाते हुए सेवा दलों ने हर एक किलोमीटर के अंतराल पर फल, रसगुल्ला, पानी बोतल, मेडिकल बॉक्स आदि समस्त सुविधाओं से लैस सेवा शिविर कैंप लगाया. जिसमें अपनी पूरी निष्ठा से सेवा दलों ने सभी शिव भक्तों की सेवा की.

### जिप अध्यक्ष ने की फुटबाल टूर्नामेंट की शुरूआत

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड के रसनजोरी पंचायत के दुखियाडीह गांव के मैदान में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. आयोजित टूर्नामेंट का उद्घाटन जिप अध्यक्ष मुनिया देवी, युवा मोर्चा के अध्यक्ष राजू मंडल, जिला उपाध्यक्ष अरुण हाजरा, मुखिया प्रतिनिधि भागीरथ मंडल ने सयुक्त रूप से फीता काट कर किया. इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया. आयोजित टूर्नामेंट में पहला मुकाबला कोरीडीह बनाम तिलेया के बीच खेला गया, जिसमें तिलेया की टीम ने कोरीडीह को दो गोल से पराजित कर दिया. टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि पहुंचे जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ने खिलाड़ियों को हौसला अफजाई करते हुए कहा कि फुटबॉल खेलने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है. खिलाड़ी अच्छे से खेलते हुए राज्य से देश स्तर पर पहुंचे और अपने गांव के साथ-साथ राज्य का नाम भी रोशन करें. कहा कि आगामी 15 अगस्त को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत अपने-अपने घरों में तिरंगा झंडा फहराए.

### हवलदार का शव पहुंचते ही गांव में मातम



**गांडेय (गिरिडीह)।** हवलदार चौहान हेंब्रम का शव मंगलवार को सुबह उनके पितृक गांव ताराटांड़ थाना क्षेत्र के पिंडाटांड़ पहुंची. शव गांव पहुंचते ही उनकी 70 वर्षीय बूढ़ी मां अपने बेटा को पकड़ के रोने लगी. साथ में उनके परिजनों का भी आंख से आसू रुक नहीं रहा है. पूरा गांव में मातम छा गया. कुछ देर तक शव के गांव में रखने के बाद आदिवासी संस्कृति के साथ गांव के ही शमसान में शव को दफना दिया गया. बता दे कि 50 वर्षीय हवलदार चौहान हेम्ब्रम की मौत सोमवार करीब दस बजे दिन में हजारीबाग अस्पताल में ईलाज कराने के दौरान कैदी शाहिद अंसारी ने जान से मार डाला था. मौके पर ताराटांड़ थाना प्रभारी मुकेश कुमार पंडित अपने दलबल के साथ मृतक के आवास पहुंचे थे. शवदाह कार्यक्रम में पूर्व जिप सदस्य हिरालाल मुर्मू, गोपीन मुर्मू, वार्ड सदस्य बबलु मरांडी, सामाजिक कार्यकर्ता रामजीत मुर्मू, ग्राम प्रधान रामजी सोरेन, रविलाल सोरेन, शिव सोरेन, चांद सोरेन, विशाल सोरेन समेत अन्य पहुंचे थे.

### झंडा मैदान में होगा 15 अगस्त का मुख्य समारोह

**गिरिडीह।** गिरिडीह में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी अंतिम चरण में है. 15 अगस्त को मुख्य समारोह झंडा मैदान पूरे हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा. डीसी नमन प्रियेश लकड़ा तिरंगा फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे. डीसी ने आधिकारियों से कहा कि जिन्हें दायित्व दिया गया है, उसका निष्ठापूर्वक निर्वहन करें. आपसी समन्वय बनाकर आयोजन को भव्य बनाएं. तय कार्यक्रम के अनुसार जिला गोपनीय शाखा में सुबह 8:20 बजे झंडा फहराया जाएगा. इसके बाद झंडा मैदान में सुबह 9 बजे झंडोत्तोलन होगा. इसी प्रकार समाहरणालय परिसर में सुबह 10:40 बजे, अनुमंडल कार्यालय गिरिडीह में सुबह 11बजे, कर्मचारी महासंघ भवन में 11:05 बजे, जिला परिषद कार्यालय में 11:10 बजे, सिविल सर्जन कार्यालय में 11:15 बजे, नगर निगम कार्यालय में 11:25 बजे, गिरिडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में 11:30 बजे व पुलिस लाइन में सुबह 11.40 बजे झंडा फहराया जाएगा.

## ब्रीफ खबरें

### सांस्कृतिक, खेलकूद का केंद्र है आसनसोल क्लब

**रानीगंज।** आसनसोल क्लब पूरे सिलपंचल में प्रसिद्ध है सभी जाति वर्ग के लोग इस क्लब के साथ जुड़े हुए हैं. क्लब का इतिहास करीब 100 वर्ष पुराना है. प्रत्येक त्यौहार के अवसर पर 5 सितारा होटलों के तर्ज पर यहां सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन होता है सह परिवार लोग कार्यक्रम में आनंद उठाते हैं. वर्तमान वाइस प्रेसिडेंट गुरु चरण सिंह भरारा , अध्यक्ष सोमनाथ बिसवाल एवं महासचिव गोपाल अग्रवाल के नेतृत्व में और भी काफी विकास का काम हुआ है. खेलकूद के सभी इंडोर वातानुकूलित कच्छ का निर्माण किया गया है. प्रत्येक खेलों का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता निरंतर आयोजित की जाती है.

### डॉक्टर की हत्या का विरोध धनबाद में कैंडल मार्च

**धनबाद।** धनबाद के शहीद निर्मल मेहता मेडिकल कॉलेज अस्पताल में गुरुवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के सदस्यों ने पश्चिम बंगाल में डॉक्टरों के साथ हुई हिंसा के विरोध में एक शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला. इस मार्च में बड़ी संख्या में डॉक्टर और चिकित्सा छात्र शामिल हुए, जिन्होंने हाथों में मोमबत्तियां पकड़कर अपने साथियों के साथ हुई हिंसा के खिलाफ आवाज उठाई. डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए कड़े कानून बनाएं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें. इस मार्च के साथ, डॉक्टरों ने अपने साथियों के साथ हुई हिंसा के खिलाफ आवाज उठाई और सरकार से मांग की कि वे डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए कदम उठाएं.

### अवैध कब्जाधारियों को खाली करने का निर्देश

**जामुड़िया।** ईसीएल के कुनुस्तोड़िया क्षेत्र की बांसड़ा कोलियरी के खनन लीज़होल्ड के अधीन सूड़ी पाड़ा, 2 नंबर धौड़ा (प्लॉट नंबर - 238, बांसड़ा मौजा, जेएल नंबर -20) में बीते दिनों एक पॉट होल बन गया था जो कि वर्षों पहले संचालित किसी खदान का परिसर रहा था। ग़ौरतलब है कि प्रबंधन की ओर से इस इलाक़े को पहले ही परित्यक्त घोषित किया जा चुका है परंतु ईसीएल द्वारा अधिग्रहित इस भूमि पर कुछ बाहरी लोगों ने अवैध कब्ज़ा जमा लिया है और अवैध निर्माण कर वहाँ रह भी रहे हैं। अब जब वहाँ पॉट होल की सृष्टि हुई है तब वही अवैध कब्जाधारी इसे मुद्दा बनाकर राजनैतिक रंग देने में लगे हैं। इस बारे में बांसड़ा खान समूह के अभिकर्ता श्री सजीव चट्टोपाध्याय ने कहा कि यह भूमि बहुत पहले ही अबेंडन घोषित की जा चुकी है और जो लोग यहाँ अवैध रूप से रह रहे हैं.

# पुरुलिया में नील की खेती की शुरुआत

संवाददाता। पुरुलिया



**कपड़ा उद्योग को मिलेगी नई जान**

कपड़ा उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए पुरुलिया जिले में नील की खेती शुरू हुई. प्राकृतिक संसाधन पलाश, सिमुल के पत्ते, जिनका उपयोग पहले करघे के कपड़े की रंगाई के लिए किया जाता था, अब पुरुलिया जिले के केंदा के सुदूर आदिवासी क्षेत्र तुकया गांव में एक स्वयंसेवी संगठन द्वारा जैविक रूप से खेती की जाने लगी है. एक समय में, ब्रिटिश नील स्वामी अतिरिक्त लाभ की आशा में बंगाल के किसानों को नील की खेती करने के लिए मजबूर करते थे. बंगाल में नील विद्रोह नील उत्पादकों के उत्पीड़न के कारण हुआ था. फिर बंगाल से नील की खेती लगभग लुप्त हो गयी. लेकिन इतिहास इसी राह पर लौटता दिख रहा है. सौ से अधिक वर्षों के बाद, जंगलमहल के सीमांत जिले पुरुलिया में नील की खेती फिर से शुरू हुई.

कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक पुरुलिया की मिट्टी नील की खेती के लिए काफी अच्छी है. इसलिए पुरुलिया में काफी अच्छी गुणवत्ता वाली नील का उत्पादन हो रहा है. वे उस नीले रंग का उपयोग कपड़ा बुनाई में कर रहे हैं. हैंडलूम कपड़े की मांग भी बढ़ रही है और नील किसानों और बुनकरों को इसमें मुनाफा दिख रहा है. पुरुलिया के आदिवासी बहुल इलाके तुक्या गांव में आदिवासियों ने लुप्तप्राय नील की खेती शुरू कर दी है. वे इस नील की खेती, बिना किसी रसायन का उपयोग किए पूरी तरह से जैविक तरीके से कर रहे हैं. वे उस नीले रंग का उपयोग अपने बुने हुए कपड़े में कर रहे हैं. हथकरघा कपड़ों में जैविक तरीके से तैयार किए गए इस प्राकृतिक नीले रंग के इस्तेमाल से बाजार में भी इन कपड़ों की मांग बढ़ रही है. स्थानीय लोग आय का नया स्रोत तलाश रहे हैं. कई लोगों ने दूसरे राज्यों से आए प्रवासी मजदूरों का काम छोड़कर अपने ही खेत में नील की खेती शुरू कर दी है. अन्य खेती में एक खेती से एक ही फसल पैदा होती है, लेकिन इस नील की खेती में एक खेती से तीन बार नील पैदा होती है. परिणामस्वरूप, कई लोग चावल, गेहूं या अन्य फसलों के बजाय नील का विकल्प चुन रहे हैं.

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में सभा

संवाददाता। बराकर



बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में हिंदू जागरण मंच आसनसोल की ओर से कुल्टी एलसी मोड में एक पाथ सभा का आयोजन किया गया, इस विरोध सभा में आसनसोल हिंदू जागरण मंच के सह संयोजक अमित सरकार मुख्य रूप से शामिल थे, सभा की संबोधित करते हुवे हिन्दू जागरण मंच के अमित सरकार ने कहा कि जिस प्रकार बांग्लादेश में सरकार का तख्ता पलट के बाद हिंदुओं को जिस प्रकार अपमानित कर अत्याचार किया जा रहा है, उसके विरोध में हिंदू जागरण मंच पूरे देश में विरोध प्रदर्शन कर हिंदुओं के साथ खड़ा है, उन्होंने कहा कि हमारे हिन्दू भाई परिवार किसी भी देश में हो ,उनके ऊपर किसी प्रकार की पड़तड़ना ओर अत्याचार हमारा संगठन बर्दास्त नहीं कर सकता, हमारे देश में भी भिन्न भिन्न जाती समुदाय के लोग बसोवास करते है, हम तो कभी भी इस प्रकार का अनाचार नहीं करते है और न ही सहते है, इस लिए वहा की सरकार से आग्रह करते है कि हिंदुओं पर अत्याचार बंद हो, इस दौरान भाजपा मंडल दो के अध्यक्ष मनमोहन राय,आदित्य नारायण शर्मा,राजीव परिसर,मिथुन बाउरी,रामसूरत गुप्ता,होबल ओझा,समीर मंडल, अर्णव घोष सहित हिन्दू जागरण मंच के साथी मुख्य रूप से उपस्थित थे.

# डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या मामले की होगी सीबीआई जांच : हाई कोर्ट

संवाददाता। कोलकाता



आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में लगातार नए-नए खुलासे हो रहे हैं. वहीं, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अब इस मामले की सीबीआई जांच के आदेश दे दिए हैं. कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पुलिस को निर्देश दिया कि महिला चिकित्सक की हत्या से संबंधित सभी दस्तावेज बुधवार सुबह 10 बजे तक सीबीआई को सौंपे जाएं. इससे पहले बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की बात कही थी. मालूम हो कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सेमिनार हॉल से शुक्रवार सुबह एक जूनियर महिला डॉक्टर का अर्धनग्न शव बरामद किया गया था. शव के बरामद होने से पूरे अस्पताल परिसर में सनसनी फैल गई. मृतका पोस्ट ग्रेजुएट की द्वितीय वर्ष की छात्रा थी और अस्पताल के चेस्ट मेडिसिन डिपार्टमेंट में कार्यरत थी. उसका घर उत्तर 24 परगना जिले के सोदपुर इलाके में है. वहीं, इस मामले में अधिवक्ता बिलवदल ने कहा कि सीएम ममता ने इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की बात कही थी. हालांकि, उन्होंने इसके लिए एक समय निर्धारित किया था कि कुछ समय के बाद ही इसकी जांच केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपी जा सकती है. उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने में देरी घातक साबित हो सकती है. उन्होंने इसके पीछे का तर्क दिया कि मामले से संबंधित कई सबूत नष्ट भी किए जा सकते हैं. इसलिए न्यायालय ने पक्षों की दलीलें सुनी हैं.

# पंचायत कार्यकारी सचिव की मौत



संवाददाता। पुरुलिया

दो मंजिले मकान से सीलिंग पंखे के सहारे गले में फंदा लगाकर एक पंचायत कार्यकारी सचिव का लटकता हुआ शव की घटना को लेकर पंचायत कर्मी मुखर गये हैं. ज्ञात हो कि पुरुलिया के बड़ाबाजार प्रखंड के सिंदरी ग्राम पंचायत से कार्यपालक सहायक आपातकालीन प्रतिक्रिया पदाधिकारी को बीडीओ के आदेश पर तत्काल हटा दिया गया था. अचानक कार्यस्थल बदलने और घर से कार्यस्थल की दूरी अचानक बढ़ जाने से वह मानसिक रूप से परेशान हो गया. परिजनों का आरोप है कि ईमानदारी से काम करने के कारण बार बार उन्हें ब्लॉक के आला अधिकारियों की गुस्से का शिकार होना पड़ता था. पिछले रविवार को वह बिना किसी को बताए अपने पैतृक घर पुंचा थाना क्षेत्र के नापाड़ा गांव आ गया. इसके बाद ही सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने पंचायत पदाधिकारी का लटकता हुआ शव देखा. अपनी मृत्यु से पहले, उन्होंने अपने प्रोफ़ाइल पर एक विचारोत्तेजक फेसबुक पोस्ट किया था. और यहीं से उनके सहकर्मी दावा कर रहे हैं कि कार्यस्थल की स्थिति तनावपूर्ण होती जा रही थी. शव का पोस्टमार्टम मंगलवार को पुरुलिया देवेन महतो मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के मुर्दाघर में किया गया. जहां मृतक की बेटी ने अपने पिता पर अधिकारियों के दबाव की शिकायत की. उधर, इस घटना की जानकारी मिलने के बाद जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों के ग्राम पंचायत कर्मियों ने बड़ाबाजार प्रखंड कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया. प्रदर्शनकारियों ने प्रशासनिक मनमौजी पन के खिलाफ नारे लगाये. प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि उनके साथी को मानसिक प्रताड़ना के कारण आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ा. इसलिए उन्होंने विरोध प्रदर्शन के जरिए दोषियों को सख्त सजा देने की भी मांग की.

## ईसीएल कर्मी का शव बरामद



संवाददाता। जामुड़िया

जामुड़िया थाना के केंदा फाड़ी अंतर्गत चाकदोला कोलियरी के कृष्णानगर कॉलोनी निवासी ईसीएल कर्मी बबलू लो(48) का झूलता हुआ शव सोमवार को पुलिस द्वारा बरामद किया गया था .स्थानीय सूत्रों के मुताबिक बंद पड़े चाकदोला कोलियरी के पास एक लोहे के खम्बे से रस्सी से लटकता हुआ शव लोगों द्वारा देखा गया था .वही घटना की सूचना केंदा फाड़ी पुलिस को दिए जाने के बाद पुलिस द्वारा शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया गया .मृत युवक ईसीएल केंदा एरिया के न्यू केंदा कोलियरी में कार्यरत था तथा तृणमूल कांग्रेस कर्मी था .वही मंगलवार शाम को मृतक के परिजन तथा तृणमूल नेताओं द्वारा अविलंब उचित मुआवजा तथा आश्रित को नौकरी देने की मांग करते हुए न्यू केंदा कोलियरी एजेंट कार्यालय के समक्ष शव को रखकर प्रदर्शन किया गया .इस दौरान मृतक की पत्नी सुभद्रा लो ने बताया की ईसीएल प्रबंधन द्वारा सब समय काम का दबाव दिया जाता था .वही काम के दबाव में दिन रात व्यस्त रहते थे .उन्होंने कहा की इस घटना ने पूरे परिवार को बिखेर कर रख दिया .तृणमूल कांग्रेस के अंचल सभापति संदीप बनर्जी ने कहा कि मृत बबलू लो एक पुराने तृणमूल कर्मी थे तथा ईसीएल केंदा एरिया के न्यू केंदा कोलियरी में इलेक्ट्रीशियन पद पर कार्यरत थे .उन्होंने कहा की मृतक के परिजन को ईसीएल प्रबंधन द्वारा जल्द से जल्द नियोजन पत्र देना है .समाचार लिखे जाने तक प्रदर्शन जारी था .

# सात साल का बच्चा धरने पर बैठा

संवाददाता। बराकर

बीसीसीएल सीभी एरिया बारह के मुख्यालय बैगुनिया महाप्रबंधक कार्यालय में अपनी जमीन के बदले अपने पिता के नौकरी की मांग को लेकर भोलानाथ गोराई का सात वर्षीय पुत्र बिक्रम गोराई धरने पर बैठा, इस घटना की खबर मिलते ही पूरे एरिया कार्यालय में सनसनी सी छा गई, सुबह दस बजे कार्यालय खुलते ही बिक्रम अपने दादी के साथ कार्यालय पहुंचा, ओर महाप्रबंधक कार्यालय के गेट के सामने धरन पर बैठ गया, जब उस नन्हे से सात वर्षीय बालक बी बिक्रम गोराई से पूछा गया कि आप क्या करने आए है, उसने बेहिचक साफ कहा कि अपने पिता जी की जमीन से कोयला निकलने के बाद भी इनको नौकरी नहीं दी, उनकी नौकरी की मांग पर यहां धरना देने आया हु, घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीसीसीएल सीभी एरिया बारह के महाप्रबंधक कार्यालय में मंगलवार को एरिया बारह के दामागोडिया बोडरा छेत्र में एशिया का सबसे बड़ा कोयला का भंडार है, जहा भोलानाथ गोराई की जमीन विगत पांच छह वर्ष पहले बीसीसी ऐल प्रबंधन ने खरीद कर उसका म्यूटेशन कर उसपर को कोयला का खनन कर कोयला उत्पादन किया ,इस दौरान गोराई की मेडिकल होने के बावजूद लगातार प्रबंधन आनाकानी करते हुवे उसे अटकने का कार्य किया, परंतु आज तक उसके परिवार को नौकरी से वंचित रखा, जहा इस प्रकार के कई केस लंबित पड़े है,जिनकी जमीन भी प्रबंधन ने हड़प ली उस पर से कोयला का उत्पादन तक कर लिया,लेकिन इन गरीब किसानों को उनका ना तो मुआवजा मिला नहीं नौकरी, जो दर दर की भीख मग रहे है, इस घटना पर महाप्रबंधक कार्यालय में एपीएम जगदीश कर्मकार, अधिकारी सुब्रतो मंडल धर्मेंद्र तिवारी ने पीड़िता एवं लैंड लूजर के साथ बैठक की, जहा घंटो वार्ता के बाद प्रबंधन ने तीन से चार दिनों का समय की मांग की ,मामले के निष्पादन के लिए, इसके बाद धारणा समाप्त हुआ.

## युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**बराकर।** कोलकात्ता आर जी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक को रेप कर मारने जैसे जघन्य अपराध के विरोध में बाराकर बेगुनिया मोड़ पर पश्चिम बर्द्धमान जिला युवा कांग्रेस की ओर से विरोध प्रदर्शन किया ,इस दौरान पार्टी के सदस्यों ने बराकर बैगुनिया मोड स्थित विद्यासागर की मूर्ति के सामने मोमबती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई, इस दौरान पश्चिम बर्दवान जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष रबी यादव ने कहा कि इस जघन्य अपराध की जितनी भर्त्सना की जाय कम है, पश्चिम बंगाल एक ऐसा राज है जहा महिला बड़ी संख्या में असुरक्षित है.

# डेंगू रोकथाम के लिए जागरुकता अभियान



संवाददाता। बराकर

वर्षा के मौसम में चारो ओर गंदे पानी के जमाव से कई प्रकार की बीमारिया फैलने के आशंका बनी रहती है, जिसमें डेंगू एक बीमारी है, इस डेंगू के रोकथाम के प्रति लोगो को जागरूक करने को लेकर बैठक की गई, वार्ड 17 के भाजपा पार्षद ललन मेहरा ने कुल्टी लाल बाजार बंगला प्राथमिक स्कूल में आइसीडीएस कर्मियों के साथ बैठक की, इस बैठक के संबंध में भाजपा पार्षद ललन मेहरा ने कहा कि आसनसोल नगर निगम के मेयर विधान उपाध्याय ने डेंगू के प्रति लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी आइसीडीएस कर्मी को दिया है, उन्होंने कहा कि इस बैठक में वार्ड के विभिन्न इलाके में घर घर जाकर डेंगू के प्रति लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया गया, उन्होंने कहा कि एक ओर आइसीडीएस कर्मियों की ओर से डेंगू को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है.

# झालदा के दुकानदारों ने की पुनर्वास की मांग

**खास बातें**

- झालदा नगर पालिका बाजार में फहराया तृणमूल का झंडा

संवाददाता। पुरुलिया



झालदा नगर पालिका नियंत्रित बाजार परिसर में इसी महीने की शुरुआत में तृणमूल का झंडा फहरा रहा है. जानकारी के अनुसार झालदा नगरनिगम ने कॉम्प्लेक्स की इमारत को खतरनाक बताते हुए संबंधित दुकानदारों को इसके पुनर्निर्माण की बात कहते हुए कमरों को खाली करने का आदेश जारी किया था. हालांकि दुकानदार हटे नहीं. उनके नोटिस नहीं लिए जाने पर दुकानदारों के दुकानों के दरवाजे पर नोटिस चिपका दी गई थी. बीच में मेयर और दुकानदारों के बीच दोनों पक्षों की सकारात्मक बैठक हुई है. हालांकि इलाके के कुछ दिग्गजों का मानना है कि घटना के सीधे तौर पर राजनीतिक रंग लेने के बाद बर्फ पिघली नहीं है. क्योंकि सोमवार को झालदा बस स्टैंड के निकट नगर निगम नियंत्रित परिसर में हर दुकान के दरवाजे पर तृणमूल का झंडा लहरा रहा है. इस संबंध में दुकानदारों के मध्य उज्ज्वल रक्षति की मांग है कि जब तक पुनर्वास और नये भवन निर्माण की स्थिति में मकान मिलने की गारंटी नहीं होगी, तब तक मकान खाली नहीं किया जायेगा. तृणमूल हमारे साथ खड़ी है. उसी झंडे के नीचे विरोध किया जाएगा. पार्टी के झालदा नगर अध्यक्ष चिरंजीव चंद्रा का दावा है कि दुकानदारों ने अपनी मांगों के बारे में पार्टी को बता दिया है. जिस तरह से नगर निगम ने उनसे चर्चा किये बिना उन्हें घर खाली करने का आदेश दिया है, उसे कोई भी स्वीकार नहीं करेगा. सबसे पहले, उन्हें पुनर्वास और पुनर्निर्मित भवनों में अपना घर बनाना सुनिश्चित करना होगा. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कुछ नहीं किया गया तो दुकानदारों के साथ आंदोलन किया जाएगा. हालांकि नगरपालिका प्रधान तृणमूल के सुरेश अग्रवाल पार्टी के झंडे लगाने पर कोई टिप्पणी नहीं की. उन्होंने कहा कि नगरनिगम कानून के तहत कदम उठाए जाएंगे. हालांकि जीर्ण शीर्ण भवन के टूटने से कोई घटना घटने पर कौन जवाबदेह होगा? उन्होंने सवाल किया. कुछ स्थानीय लोगों का दावा है कि काम्प्लेक्स में 21 दुकानें हैं. काफी दिनों से व्यवसायी दुकानों में कारोबार कर रहे हैं. हालाँकि, क्षेत्र के कुछ राजनीतिक पर्यवेक्षक इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि क्या इस घटना के पीछे शहर के तृणमूल अध्यक्ष और वर्तमान नगरपालिका बोर्ड के बीच राजनीतिक दूरी की छाया तो नहीं है?

# सुरक्षा की मांग को लेकर छात्र डॉक्टरों का प्रदर्शन

संवाददाता। पुरुलिया



अस्पताल में डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग को लेकर पुरुलिया देवेन महतो गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के मुख्य द्वार बंद कर धरने पर बैठे छात्र चिकित्सक. मंगलवार को जारी हड़ताल के कारण चिकित्सा सेवाएं बंद रहीं. इलाज के लिए आने वाले मरीजों व उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. मालूम हो कि पुरुलिया देवेन महतो सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आरजिकर अस्पताल में हुई घटना के विरोध में छात्र डॉक्टर कल से हड़ताल पर हैं. छात्र डॉक्टरों की इस हड़ताल के कारण अस्पताल के आपातकालीन विभाग खुले रहने पर भी आउटडोर सेवाएं पूरी तरह से बंद हैं. कल के बाद आज मंगलवार को जूनियर के साथ-साथ सीनियर डॉक्टर भी हड़ताल में शामिल हो गये हैं. मूल रूप से, प्रदर्शनकारी छात्र डॉक्टरों की मांग है कि पुरुलिया देवेन महतो सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के दो परिसर हैं. इससे महिला डॉक्टरों को सुरक्षा के लिहाज से कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. आंदोलनकारी छात्रों ने सभी सेवाओं को तत्काल हतोयाड़ा मुख्य परिसर में स्थानांतरित करने की मांग की है. अस्पताल परिसर में सुरक्षा और पर्याप्त सीसीटीवी व्यवस्था की भी मांग की गयी. हालांकि अस्पताल अधिकारियों ने छात्रों की यह मांग मान ली है. अस्पताल के एमएसवीपी सुकमल भायी ने आश्वासन दिया कि नवंबर माह तक शिफ्टिंग पूरी कर ली जायेगी.

## आंदोलन : सालानपुर में आदिवासी कल्याण समिति का विरोध प्रदर्शन

# जांच कर फर्जी प्रमाण पत्र रद्द करने की मांग

संवाददाता। सालानपुर



पश्चिम बंगाल आदिवासी कल्याण समिति के सालानपुर ब्लॉक की विभिन्न शाखाओं के सदस्यो ने फर्जी अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र को रद्द करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया .संगठन के कई सदस्य फर्जी अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र होने का दावा किया . उन्होंने रोजगार में कार्यरत ऐसे व्यक्तियों और उनके विवरण का पता लगा कर आदिवासी प्रमाणपत्र रद्द कर उन्हे नौकरी से बर्खास्त करने की मांग की . इसके अलावा वे पहले भी इस मामले को लेकर आसनसोल जिला शासक को अपनी मांगों को लिखित रूप में सौंपा था. इस दौरान उन्होंने लगभग एक सूत्री मांग को लेकर सालानपुर ब्लॉक अधिकारी को मांग पत्र दिया . पश्चिम बंगाल आदिवासी कल्याण समिति के सालानपुर ब्लॉक के अध्यक्ष सुशील हेंब्रम ने संगठन की ओर से कहा कि सालानपुर ब्लॉक में हजार से अधिक लोगों के पास फर्जी आदिवासी प्रमाण पत्र हैं . जो वास्तव में आदिवासी समुदाय से नहीं हैं . लेकिन इस प्रमाण पत्र को प्राप्त करने के बाद उस प्रमाण पत्र का उपयोग करके विभिन्न स्थानों पर काम कर चुके हैं. सरकार ने तुरंत जांच कर उनके प्रमाणपत्र रद्द कर दिये . इसके बाद उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाए .अब तक उनके पास दस से अधिक नाम आ चुके हैं . वही वे बाकी नाम ढूंढने के लिए ब्लॉक अधिकारी के यहां आवेदन कर रहे हैं . इस अवसर पर पश्चिम बंगाल आदिवासी कल्याण समिति के प्रदेश युवा सचिव हिरण्मय हसदा, पश्चिम बंगाल आदिवासी कल्याण समिति के ब्लॉक सचिव सुशील हेंब्रम, पश्चिम बंगाल कल्याण समिति के मोनिन्द्र हेरमपुर ब्लॉक अध्यक्ष, सालानपुर ब्लॉक अध्यक्ष, पश्चिम बंगाल आदिवासी कल्याण समिति ब्लॉक के कोषाध्यक्ष हराधन सारेन उपस्थित थे .

# नितुरिया में एसडब्ल्यूएम इकाई का उद्घाटन, चलाया सफाई अभियान

संवाददाता। नितुरिया



नितुरिया पंचायत समिति और नितुरिया ब्लॉक के तत्वावधान में ब्लॉक कैम्पस में मंगलवार को सफाई अभियान चलाया गया. साथ ही एस डब्लू एम इकाई का भी उदघाटन किया गया. मौके पर नितुरिया पंचायत समिति अध्यक्ष शांतिभूषण प्रसाद यादव, बीडीओ प्रबीर कुमार सिन्हा, संयुक्त बीडीओ सुब्रतो विश्वास, एडीओ नितुरिया परिमल बर्मन, जिला परिषद सदस्य संतोषी दता बाउरी, जनार्दन डी प्रधान सहित अन्य लोग उपस्थित थे. जानकारी के अनुसार मंगलवार को आयोजित सफाई अभियान कार्यक्रम में ब्लॉक कैंपस की सफाई के साथ ही ब्लॉक के बाहर रास्तों की भी सफाई की गई. इसके साथ ही एस डब्लू एम इकाई का भी उदघाटन किया गया, जिसमें एक जनार्दन डी ग्राम पंचायत, दूसरा दीघा और तीसरा सरबड़ी में. उपस्थित सभी ने मिलकर एस डब्लू एम इकाई का उदघाटन किया एवं सफाई अभियान चलाया.

## विधायक ने आंगनबाडी केंद्र का किया उद्घाटन

**सालानपुर।** सालानपुर ब्लॉक के समडी ग्राम पंचायत अंतर्गत लहाट गांव में मंगलवार को एक आंगनबाडी केंद्र का उद्घाटन किया गया. यह आंगनबाडी केंद्र क्रमांक 88 है. जिसका विधिवत उद्घाटन बाराबनी विधायक तथा आसनसोल के मेयर बिधान उपाध्याय ने फीता काट कर किया . यह आंगनबाडी केंद्र लगभग दस लाख रुपये की लागत से बनाया गया. इस अवसर पर मेयर बिधान उपाध्याय ने कहा कि सामडी पंचायत क्षेत्र में कुल 17 आईसीडीएस केंद्र हैं. जिनमें से प्रत्येक आईसीडीएस केंद्र किसी क्लब स्कूल या किसी के घर में चल रहा है. लेकिन माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रयास से एक-एक कर सभी आईसीडीएस केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है.

